**SAINIK SCHOOL AMETHI**

**SUMMER VACATION HOLIDAY HOMEWORK**

**CLASS: IX**

**SUBJECT: HINDI** **Subject Code-Course-A 002**

निर्देश-

* सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, प्रश्नों का उत्तर निर्धारित शब्द सीमा में ही लिखिए।
* ग्रीष्मकालीन गृहकार्य साफ-सुथरे और प्रस्तुत करने योग्य तरीके से किया जाना चाहिए।
* हिंदी विषय के ग्रीष्मकालीन गृहकार्य को सिंगल लाइन (20 पृष्ठ) की नोटबुक में पूर्ण करिए।
* ग्रीष्मकालीन गृहकार्य का मूल्यांकन रचनात्मकता, प्रस्तुति और सभी प्रश्नों के पूरा होने और कार्य की अनुक्रमणिका के आधार पर किया जाएगा।

1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।

किसी भी राष्ट्र की सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण तथा विकास में नारी का योगदान महत्त्वपूर्ण होता है । युगों-युगों का इतिहास अपने किसी- -न-किसी अंश में नारी के गौरव को प्रतिष्ठित करता रहा है। मानव जीवन का प्रत्येक क्षेत्र नारी के अभाव में अपूर्ण है। नारी शक्ति है, प्रेरणा है और जीवन की आवश्यक पूर्ति है। नारी गृहस्थी का केन्द्र – बिन्दु तथा परिवार की आधारशिला है। समाज का महत्त्वपूर्ण अंग है, अत: नारी को महत्ता देने के लिए सन् 1818 में 8 मार्च को पहली बार इस दिन को 'महिला दिवस' के रूप में स्वीकार किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1975 को 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष' और 1980 को 'महिला विकास वर्ष' घोषित किया। यही नहीं, 1975 से 85 का दशक 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दशक' घोषित कर एक ऐसे समाज के रूपायन का प्रयास किया जिसमें महिलाएँ आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सही और पूर्ण अर्थों में सहभागी हों ।

(क) किस दशक को अंतर्राष्ट्रीय महिला दशक घोषित किया गया?

(i) सन् 1975 से 85 के दशक को (iii) सन् 1977 से 87 के दशक को

(ii) सन् 1965 से 75 के दशक को (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख)' सन् 1818 में 8 मार्च का दिन किस रूप में स्वीकार किया गया?

(i) मातृ दिवस के रूप में (iii) बाल दिवस के रूप में

(ii) महिला दिवस के रूप में (iv) साक्षरता दिवस के रूप में

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए-

कथन (A)-किसी भी राष्ट्र की सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण तथा विकास में नारी का योगदान महत्त्वपूर्ण होता है।

कारण (R)-नारी शक्ति और प्रेरणा का स्रोत तथा समाज का महत्त्वपूर्ण अंग है।

(i) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(iv) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) ‘सन् 1975 से 85 तक के दशक को संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दशक घोषित किया । – उपरोक्त कथन के पक्ष में निम्नलिखित तर्कों पर विचार कीजिए-

1. जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए

2. घर-गृहस्थी के केंद्र-बिंदु में महिला को स्थापित करने के लिए

3. नारीको कार्य करने के लिए बाध्य करने के लिए

(i) 1 सही है। (iii) 3 सही है।

(ii) 2 सही है। (iv) 2 और 3 सही हैं ।

(ङ) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा-

(i) राष्ट्र-निर्माण में नारी की भूमिका (iii) राष्ट्र और नारी

(ii) नारी की महत्ता (iv) नारी ने बदला समाज

2 निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रहकर समास का नाम लिखिए –

(क) अंशुमाली

(ख) शताब्दी

(ग) कलम-दवात

(घ) मृगनयनी

(ङ) आजन्म

(च) प्रतिजन

(छ) पंच परमेश्वर

(ज) रेखांकित

(झ) नील-कमल

(ञ) गिरिधर

_3 निम्नलिखित विषयों पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-

(क) स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम

**संकेत बिंदु –**

शरीर और मन की स्वस्थता, व्यायाम, आसन, प्राणायाम, स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार

(ख) हमारा शहर

**संकेत बिंदु –**

कौन -सा, विशेषता, हमारा कर्त्तव्य

4 'एकता में बल’ पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए ।

5 'नेकी का फल’ पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।

6 अपने क्षेत्र में पेयजल की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए ।

7 अपने जन्मदिन पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद पत्र लिखिए ।

8 अलंकार किसे कहते है? अलंकार के भेदों पर अलंकार वृक्ष को रेखाचित्र द्वारा दर्शाइए।

9 विद्यालय में स्वच्छता अभियान को लेकर दो मित्रों का संवाद लगभग 80 शब्दों में लिखिए ।

10 अपने-अपने जीवन लक्ष्य के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए।

11 निम्नलिखित उदाहरणों में ‘रचना के आधार पर वाक्य भेद’ का नाम लिखिए।

(क) ऐसी सरदी में बाहर मत जाओ।

(ख) विक्रम किसकी राह देख रहा है?

(ग) किसलय, अब पढ़ने बैठ जाओ।

(घ) ईश्वर करे, आप खूब उन्नति करें।

(ङ) अरे! कितना विशाल मैदान है।

(च) संभवतः विजय विद्यालय से घर आ गया होगा।

(छ) यदि डॉक्टर समय पर आ जाते तो मरीज की जान बच जाती।

(ज) पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण छोड़ दो।

(झ) मज़दूर आने पर किसान फ़सल काटेगा।

(ञ) आपकी यात्रा मंगलमय हो।

12 स्पष्ट कीजिए कि कबीर एक ओर एक संत कवि और दूसरी ओर सच्चे समाज सुधारक थे। 30-40 शब्दों में उत्तर लिखिए ।

13 'लहासा की ओर' यात्रावृत्तांत के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था? 30-40 शब्दों में समझाइए।

14 रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलाना और विवाह के लिए शिक्षा को छिपाना, यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है? 30-40 शब्दों में उत्तर लिखिए ।

15 लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है। यह भूल जाते हो । हीरा के इस कथन के माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचंद के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए । 30-40 शब्दों में समझाइए।

16 पाठ्यपुस्तक कृतिका भाग-1 और पाठ्यपुस्तक क्षितिज भाग-1 से सभी गद्य आधारित पाठों को पढ़िए।

(हिंदी पाठ्यपुस्तक क्षितिज भाग-1 और कृतिका भाग-1 के पढ़ाये गए पाठों की पुनरावृति कीजिए।)